आकाशवाणी श्री विजयपुरम

02.08.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान योजना की बीसवीं किस्त के रूप में किसानों को बीस हजार पांच सौ करोड़ रूपये जारी किए।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने राश्ट्रीय अंगदान दिवस पर कहा–प्रत्येक अंगदाता एक मूक नायक है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पी एम किसान योजना के तहत तेरह हजार से ज्यादा किसानों को बीसवीं किस्त प्राप्त हुई।
- निकोबार ज़िले में कीर्ति चक्र से सम्मानित सब–इंस्पेक्टर संजीव की स्मृति में महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त जारी की और देश भर के नौ करोड़ सत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये अंतरित किए गए। श्री मोदी ने आज वाराणसी में लगभग बाईस सौ करोड़ रुपये की लागत वाली बावन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को भी संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि, किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। सरकार ने किसानों के लिए छोटे जिलों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से एक नई पीएम धन धान्य योजना भी शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत चौबीस हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ लोगों की एकता और शक्ति के परिणामस्वरूप ऑपरेशन सिंदूर सफल हुआ। श्री मोदी ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि यह नया भारत है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरे विश्व ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी है।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में पन्द्रहवें राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर कहा कि पिछले वर्ष देश ने लगभग अठारह हजार नौ सौ प्रत्यारोपण करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह किसी एक वर्ष में सर्वाधिक है। श्री नडडा ने कहा कि दो हजार तेईस में तीन लाख से अधिक नागरिकों ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन(**NOTTO**) के माध्यम से अंगदान करने का संकल्प लिया है। अंग प्रत्यारोपण में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। अंगदान मानवता के सबसे महान कार्यों में से एक है। श्री नड्डा ने कहा कि प्रत्येक अंगदाता एक मूक नायक है जिसका निस्वार्थ कार्य दु:ख को आशा में और क्षति को जीवन में बदल देता है। कार्यक्रम के दौरान, श्री नडडा ने विभिन्न अंगदाताओं और विभिन्न अंग प्राप्तकर्ताओं के परिवारों को भी सम्मानित किया। श्री नड्डा ने एनओटीटीओ की वार्षिक रिपोर्ट, ई–न्यूजलेटर और अंगदान जागरूकता, आयुर्वेद और योग के माध्यम से अंग स्वास्थ्य तथा राज्यों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं पर तीन जागरूकता पुस्तिकाएं भी जारी कीं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय ध्वज को वर्तमान स्वरूप देने वाले पिंगली वेंकैया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने अपने एक संदेश में कहा कि पिंगली वेंकैया भारत को देश का गौरव, तिरंगा देने में अपनी भूमिका के लिए याद किए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान को सशक्त बनाने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों को **http://harghartiranga.com** पर अपनी सेल्फी या फोटो अपलोड करने का आग्रह किया।

**<><><><><><>**

कृषि विभाग ने आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करने के उपलक्ष्य में सभी ब्लॉकों और विभिन्न ग्राम पंचायतों में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। पूरे द्वीप समूह में वेबकास्ट के माध्यम से एक हजार दो सौ तीस किसानों, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों ने लाइव सत्रों में भाग लिया। पीएम–किसान योजना के तहत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुल तेरह हजार उनसठ किसानों को अप्रैल–जुलाई दो हजार पच्चीस की अवधि के लिए ₹2,000 प्रति किसान की बीसवीं किस्त प्राप्त हुई, जिसके परिणामस्वरूप कुल ₹2.84 करोड़ का वितरण हुआ। यह धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की गई। पीएम–किसान भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। एक दिसंबर दो हजार अट्ठारह को शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों की कृषि आदानों की खरीद, उचित फसल स्वास्थ्य और इष्टतम उपज सुनिश्चित करने हेतु वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है, जिससे उनकी समग्र आय में सुधार हो सके।

**<><><><><><>**

निकोबार जनपद पुलिस द्वारा महिला वॉली बॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन निकोबार जिले के पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर ने किया। इस टूर्नामेंट में निकोबार जिले की ग्यारह टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच एक अगस्त को मुस और चुकचुका ग्रामों के बीच खेला गया। इस अवसर पर निकोबार जनपद के उपायुक्त अमित काले भी उपस्थित रहे। महिला वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट कीर्तिचक्र से सम्मानित सब इंस्पेक्टर संजीव की स्मृति में खेला गया जिन्होंने अपनी जान की परवाह ना करते हुए विनाशकारी सुनामी में नागरिकों की जान बचाई थी। कार्यक्रम के समापन पर कीर्ति चक्र विजेता के परिजन को उनके बलिदान के लिए सम्मानित किया गया। विजेता और उपविजेता टीमों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**<><><><><><>**

निकोबार जनपद के काकाना में आज पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर के नेतृत्व में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जन सुनवाई में करीब चालीस निवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल संरक्षण सहित नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर नागरिकों को जागरुक किया गया। निकोबार जनपद के पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर ने नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों की गोपनीय रूप से सूचना देने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया और तुरंत पुलिस कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। उन्होंने किसी भी अवैध गतिविधि या संदिग्ध पार्सल, बैग या कंटेनर की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा। पुलिस अधीक्षक श्री नायर ने प्राकृतिक आपदाओं भूकम्प और सुनामी पर भी लोगों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि निकोबार जिला पुलिस सामुदायिक सहभागिता के लिए प्रतिबद्ध है और पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है।

नागरिकों को किसी भी अपराध की सूचना अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या 100, 112, 03192–265223, या 9531856152 पर देने के लिए कहा और सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखने और उस व्यक्ति को पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस अवसर पर कार निकोबार के सब डिविजनल पुलिस अधिकारी, प्रभारी पुलिस स्टेशन और काकाना गाँव के ग्राम प्रधान डी.एन. बेनेडिक्ट भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले की ग्राम पंचायत वंडूर में मत्स्य पालक मीठे जल के मत्स्य बीज ग्राम पंचायत कार्यालय, वंडूर से ग्यारह अगस्त को सुबह नौ बजे से प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक ऑक्सीजनयुक्त मछली के बीज के पैकेट की कीमत एक सौ पैंतीस रुपये है।

<><><><><><><>

सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का श्री विजयपुरम् में आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल सत्ताईस विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञानशील दुबे मुख्य अतिथि थे जबकि खेल एवं शारीरिक शिक्षा के सहायक निदेशक इरशाद अहमद और शिक्षा निदेशालय के कनिष्ठ अभियंता कुप्पुस्वामी विशिष्ट थे। मुख्य अतिथि ने इस आयोजन के लिए दक्षिण अंडमान के जिला शिक्षा अधिकारी की टीम की सराहना की और इसके साथ ही उन्होंने अन्य आठ क्षेत्रों से भी ऐसी ही प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।

<><><><><><><>